राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 30.00 संख्या 655
मैच
सुपरकमांडोध्रुव
SAMSING
SERIES
VIDEOCON MAHAC
INDO-PAK
CRICKET Series
SAHARA
INDIA
ध्रुव का
एक जम्बो पोस्टर
मुफ्त

जीत और हार, इनके बीच के खाली स्थान को भरता है रोमांच और इस रोमांच को महसूस करने के लिए इंसान अपना सब कुछ दांव पर लगा सकता है! ये रोमांच तब पैदा होता है जब भिड़ते हैं दो प्रतिद्वंद्वी, उनके बीच की इस प्रतिद्वंद्विता को देखते हैं लाखों दर्शक और ऐसे हर खेल को कहते हैं....

लेखक :	चित्र :	इंकिंग :	सुलेख एवं रंग :	सम्पादक :
जॉली सिन्हा	अनुपम सिन्हा	विनोद कुमार	सुनील पाण्डेय	मनीष गुप्ता

ये खेल किसी भी किस्म के हो सकते हैं-

और इसके प्रतिद्वन्द्वियों के प्रकार भी हज़ारों तरीके के हो सकते हैं-

फिलहाल इस मैच में दो टीमें हैं- एक टीम का सदस्य भाग रहा है-

और दूसरी टीम के सदस्य उसको मारने के लिए उसका पीछा कर रहे हैं-

रोमांच यह है कि इस खेल में कौन जीतेगा? शिकार या शिकारी?

RL03AIVIU

लेकिन हर मैच की तरह इस मैच को भी वही जीतेगा जो शक्तिशाली होगा-

और फिलहाल वह टीम ज्यादा शक्तिशाली है, जिसके सदस्य संख्या में भी बढ़कर हैं और शक्ति में भी-
झटप
बचकर कहां जाएगा, पिल्ले?
चीईईई
अब बोल! पैसा साबुत हाथों से देगा या टूटे हाथों से?
पैसा कैसा? तुमने मेरे साथ धोखा किया है!
बहस में टाइम खाली-पीली फोकट क्यूं कर रहे हो?
डाल चाकू इसके पेट में! अभी बहुत वसूली करने को बाकी है!
मैच को एक और चीज़ रोमांचक बनाती है-

और वह होता है मैच का उतार- चढ़ाव -
मैच एकदम दूसरी दिशा में पलट जाता है, और रोमांच एकाएक बढ़ जाता है-
सुपर कमांडो ध्रुव !
धड़ाक
पहली टीम में एक सदस्य और शामिल हो गया है-
और यह खिलाड़ी काफी मंझा हुआ है-
यह सवाल एक बार फिर खड़ा हो गया है कि इस मैच को कौन जीतेगा -

दोनों तरफ से जीतने के लिए हर तरह के दांव आजमाए जा रहे हैं-
लेकिन दूसरी टीम के जीतने की संभावनाएं तेजी से कम होती जा रही हैं-
स्वूऽऽश
क्योंकि उनकी संख्या में लगातार गिरावट आ रही है-
अब मैच खत्म होने में शायद ज्यादा देर नहीं है-

क्योंकि दूसरी टीम मैदान छोड़कर भाग गई है-

और पहली टीम को 'वाक ओवर' मिल गया है-

वे मैच जीत चुके हैं-

क्या हो रहा था यहां पर?

क... क्या हो रहा था? तुमने खुद तो देखा न? कुछ गुंडे मुझको लूटने की कोशिश कर रहे थे। पर थैंक्स गॉड कि तुम सही वक्त पर आ गए! थैंक्स ध्रुव और बाय!

मैंने उन गुंडों की जेबें तो नहीं देखीं, लेकिन उनकी जेबों में तुम्हारी जेब से ज्यादा पैसे रहे होंगे!

बात कुछ और ही है! ये गुंडे पेशेवर थे! मामूली पॉकेटमार या चेनचोर नहीं थे!

सही बात बताओगे या मैं तुमको इसके पास छोड़कर जाऊं?

गर्र्र्र्

न... नहीं नहीं! मैं सही बात बताता हूं! सच्ची बात तो ये है कि...

... मैं एक जुआरी हूं! एक सट्टेबाज! मैं मैचों पर दांव लगाता हूं! और ये गुंडे उस आदमी के थे जो दांव लगवाता है!

इस काले धंधे के बारे में सुना तो मैंने भी है! पर मैं ज्यादा विस्तार से नहीं जानता। कैसे लगाया जाता है ये दांव?
किसी भी मैच में दो या दो से ज्यादा टीमें होती हैं! और उन टीमों के जीतने की संभावना के आधार पर उन पर दांव लगाया जाता है!
अगर सबसे कमजोर टीम के जीतने पर दांव के दस गुने मिलते हैं तो सबसे ताकतवर टीम के जीतने पर दोगुने से भी कम पैसे मिलते हैं!
पर ये दांव लगाए कहां जाते हैं?
ये पूरा एक माफिया है! एक आपराधिक संगठन! वे ही दांव जीतने पर पैसा देते हैं! और हारने पर वसूलते हैं!
पर बात इतनी सी ही नहीं है...
ये संगठन इतने शक्तिशाली हैं कि इनके चंगुल में सिर्फ मैचों पर दांव लगाने वाले ही नहीं, बल्कि मैच खेलने वाले खिलाड़ी भी फंसे हुए हैं!
कौन है ये माफिया बॉस जो खेल जैसे साफ सुथरे मनोरंजन के माध्यम को गंदा कर रहे हैं?
वे या तो पैसे लेकर इन माफिया बॉसों के अनुसार मैच का परिणाम पलट देते हैं, और या फिर माफिया बॉस किसी न किसी तरह से उनका खेल कैरियर ही खत्म करा देते हैं!
और कभी-कभी तो उनकी जिन्दगी ही खत्म करा देते हैं!
ये मैं नहीं जानता। मैं क्या, शायद कोई भी नहीं जानता!
क्योंकि सारे दांव फोन पर ही लगते हैं! ये फोन नंबर हर हफ्ते बदलते रहते हैं!

मैंने भी ऐसे ही एक नंबर पर दांव लगाया था। और दांव लगाने के थोड़ी ही देर बाद मेरे पास एक गुमनाम फोन आया। फोन करने वाले ने मुझको एक 'टिप' दी जिसमें एक खास टीम के जीतने की बात थी। उसके बाद ऐसी ही दो तीन और कॉल्स मेरे पास आईं। मेरा लालच बढ़ गया और मैंने फोन करके अपना दांव बदल दिया।

हूं! मुझको वह फोन नंबर चाहिए जिस पर आपने दांव लगाया था।

पर वे सारी टिप्स झूठी थीं। मैं एक भारी रकम हार गया। थोड़ी ही देर में मेरे पास पैसा वसूली के लिए फोन आया। फोन करने वाले की आवाज और टिप्स देने वाली आवाज एक ही थी। मैं समझ गया कि झूठी टिप्स मुझको वहीं से दी गई थीं जहां पर मैंने दांव लगाया था।

वे गुंडे तो भाग गए हैं लेकिन वह नंबर मुझे सट्टा माफिया तक पहुंचा सकता है।

मैंने पैसे देने से मना कर दिया! और उसके बाद जो हुआ वह तुम जानते ही हो।

लेकिन आपको मुझे पुलिस तक पहुंचाना पड़ेगा। क्योंकि सट्टा अगर खिलाना अपराध है तो खेलना भी अपराध है।

और फिर-

POLICE STATION

मुझको अंदाजा नहीं था कि सट्टेबाजी की जड़ें नशे की तरह काफी गहरी और दूर तक फैली हुई हैं।

इसको यहीं पर रोकना होगा।

ध्रुव ने सट्टा माफिया को रोकने का अभियान शुरू कर दिया था-

और सट्टा माफिया ने ध्रुव को रोकने के लिए दीवारें खड़ी करनी शुरू कर दी थीं-
तो तुम तीनों काम अधूरा छोड़ कर भाग आए!
और वह भी एक छोकरे के डर से!
वह छोकरा नहीं है राजाजी, आफत का टोकरा है! उसके रहते उस ग्राहक से वसूली कर पाना असंभव था।
यानी अब ध्रुव से मैच मुझको ही खेलना पड़ेगा! सट्टेराजा का अगला दांव ध्रुव की जिन्दगी पर ही लगेगा!
दांव लगाना है तो जल्दी लगाइए सट्टे राजा! क्योंकि दो दिनों बाद इंडिया और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाला टेस्ट मैच राजनगर में ही खेला जाना है।
उस मैच पर अरबों का दांव लगा है! अगर ध्रुव रास्ते से नहीं हटा तो कुछ भी हो सकता है! हम बरबाद भी हो सकते हैं!

सट्टेराजा सिर्फ दांव ही नहीं लगवाता, वह हर मैच का आंखों देखा हाल पहले ही लिख लेता है! मैच का रुख कब किधर को मोड़ना है, यह सिर्फ सट्टेराजा को पता होता है!
और मेरा आंखों देखा हाल बता रहा है कि किसी के रास्ते से हटने का वक्त आ गया है!
पांसा!
हुक्म, सट्टेराजा!
तीन पांसे निकाल!
तीन गोटियों को पीटना है!
ह... हमें माफ कर दो राजा! हम इस बार वसूली बराबर करके लाएंगे!
वो बात नहीं है रे! वसूली के लिए हम जान नहीं लेते! अपंग करके छोड़ देते हैं!
लेकिन तुम तीनों को ध्रुव ने पहचान लिया है! अब हम न तुमको रख सकते हैं, और न ही छोड़ सकते हैं! अलविदा!

य... ये पांसा क्या करता है ? कैसे मारता है ?
अबे डरता क्यों है? ये एक है और हम तीन! और ये कोई ध्रुव तो है नहीं!
एक साथ टूट पड़ो और खत्म कर दो इसको!
वैसे तो इसके लिए मेरे चाकू ही काफी हैं!
चाकुओं की कतार हवा में उड़ चली-
सभी से एक साथ बच पाना असंभव था-
लेकिन पांसा के लिए नहीं-
लचीले पांसे हवा में उड़कर चाकुओं की नोकों पर धंस गए-
और चाकुओं की नोक बेअसर हो गई-
चाकू, पांसा के शरीर से टकरा कर वापस हवा में उछले-
और पांसा की किक ने चाकुओं का चक्र बनाकर उनका रुख मोड़ दिया-

निशाना बदल गया था-
खच
खच्क
पांसा के सामने टिक पाना मुश्किल लग रहा था-
दो मौत के घाट उतर चुके थे-
और तीसरा भी उनके पीछे-पीछे चल दिया था-
पांसा ने सजाए-मौत के हुक्म को अंजाम तक पहुंचा दिया था-
हिस्सस

शाबश, पांसा! अब सुन!
तेरा अगला निशाना सुपर कमांडो ध्रुव...
राजाजी! राजाजी!
शंभू दलाल अब तुझे क्या हुआ?
बुरी खबर है राजाजी! परसों से शुरू होने वाले मैच में दांव तो लग चुके हैं लेकिन जरा फिक्सिंग में प्रॉब्लम हो रही है!
कैसी प्रॉब्लम?
दांव पर मुनाफा कमाने के लिए हमारी टीम का मैच हारना जरूरी है, लेकिन वह नया आलराउंडर धौंकनी सेट नहीं हो पा रहा है! वह पैसा लेकर जल्दी आऊट होने के लिए तैयार नहीं है!
उसको देश प्रेम का कीड़ा काट गया है! कहता है देश की इज्जत का सौदा किसी कीमत पर नहीं करूंगा!
जरा उससे यह तो पूछ लेता कि वह अपनी टांग का सौदा किस कीमत पर करेगा?
अब अगर वो खेला तो इंडिया मैच जीतेगी और हम हारेंगे!
यानी... यानी उसे घायल कर दिया जाए?
एक सिम्पल एक्सीडेंट में!
धौंकनी राजनगर में आएगा तो शॉपिंग करने भी जरूर जाएगा! वहां पर उसकी दो तीन लड़कों से झड़प होगी! बात बढ़ेगी और वे उसकी टांग तोड़ देंगे!
उनकी हम जमानत करा देंगे और कहानी खत्म!
बोल, कैसी लगी कमेंट्री?
सुपर्ब राजाजी! आप मैच तो क्या, जिन्दगी और मौत की भी फिक्सिंग कर सकते हैं!

ध्रुव सट्टेराजा के दांव को नाकाम करने की हर भरसक कोशिश कर रहा था-
मैंने दांव लगाने वाले फोन नंबर की मदद से उस आदमी का पता मालूम कर लिया है, जिसके नाम पर यह फोन है! उसका नाम प्रफुल्ल पटेरा है! हो सकता है कि यह सट्टा माफिया का ही आदमी हो और यह अपार्टमेंट उनका अड्डा हो!
इसीलिए मैं इस रास्ते से अंदर जाऊंगा ताकि उनको मेरे आने की भनक न लग पाए!
इसी पंद्रहवें फ्लोर पर वह अपार्टमेंट है जिसका नंबर...
...1542 है!
मुझको बहुत सावधानी से अंदर घुसना होगा!
1542
अगर अंदर पेशेवर गुंडे हैं तो उनको तभी पकड़ना होगा जब वे चकित और असावधान हों!
बेल बजते ही-
ट्रिंग

ध्रुव को चकित हो जाना पड़ा–
उस पर हमला इतनी फुर्ती से हुआ था कि वह खुद असंतुलित हो गया–
और संभलने से पहले ही वह दुश्मन की गिरफ्त में आ चुका था–
हैंड्स अप! हिलना मत!
ओफ़! ये क्या बेवकूफी कर बैठा मैं?
कौन हो तुम? पीछे मुड़ो!
अरे! तुम तो ध्रुव हो!
मेरे सुपर हीरो!
मम्मी! जल्दी आओ! देखो तो कौन आया है?
ओ गॉड! ये तो सिर्फ एक... शरारती बच्चा है!
पर इस जगह पर एक बच्चा! और इसकी मां भी है!
यानी ये जगह सट्टेबाजों का अड्डा नहीं हो सकता!
कौन है, रोहित?
क्यों चिल्ला रहा है?

एक मिनट के लिए तो आराम कर लेने दिया करो... अरे!
आप तो ध्रुव हैं न?
हां जी! और आप शायद प्रफुल्ल पटेरा की पत्नी हैं!
कौन प्रफुल्ल पटेरा! मेरा नाम तो मिसेज़ राखी रॉय है! और मेरे पति का देहांत हुए दो बरस हो चुके हैं!
ओह! आईएम सॉरी! दरअसल मेरे हाथों एक अपराधी का मोबाइल नंबर लगा था!
और उस नंबर का पता यही था! शायद मोबाइल कंपनी से कोई चूक हुई है!
जरूर ऐसा ही होगा! क्योंकि दो महीने पहले यह फ्लैट खरीदा था! और उससे पहले यह फ्लैट बंद था!
और मेरे पास तो कोई मोबाइल है ही नहीं!
सॉरी की क्या बात है! मैं तो उस अपराधी का शुक्रिया अदा करती हूं जिसकी वजह से आप जैसी महान हस्ती मेरे घर पर आई! आइए चाय पीकर जाइएगा!
फिर कभी! अभी तो मैं चलूंगा! शुक्रिया!
अब मैं समझा! खाली फ्लैट को अपना पता बताकर अपराधियों के मोबाइल कंपनी को चकमा दिया है!
सॉरी टू डिस्टर्ब यू!
चलो न, ध्रुव भईया!
मुझे तुमसे ढेर सारी बातें करनी हैं!
आओ न प्लीज!

बच्चे की जिद के आगे ध्रुव को झुकना ही पड़ा-

और देखिए! मैं भी आपकी तरह ही कूदता हूं! वन... टू...

बस, रोहित बहुत हो गया। अब मैं डॉक्टर का खर्च बर्दाश्त नहीं कर सकती!

हर महीने एक नई चोट लगा लेता है!

चलो, धीरे से नीचे उतरो चुपचाप!

और ध्रुव भइया को और तंग मत करो! अपने रूम में जाओ, और टेस्ट की तैयारी करो!

कहानी 19 पेज से जारी

क्रिकेट! यानी इस सारे मामले से इस फ्लैट का कुछ न कुछ संबंध तो है! मुझको इन लापता मिस्टर राय के बारे में और पता करना पड़ेगा!
चाय के लिए शुक्रिया मिसेज राय! अब मुझे इजाजत दीजिए!
मैच
अब ध्रुव की मोटरसाइकल पुलिस हैडक्वार्टर के रास्ते पर दौड़ रही थी-
मिस्टर राय की पुलिस फाइल में कोई न कोई ऐसी जानकारी जरूर होगी जो मुझको आगे का रास्ता दिखा सके!
और फिर-
ये श्री सौमित राय की फाइल है! जरा धूल झाड़ लेना!
पर मुझे शक है कि इसमें तुमको कुछ भी मिलेगा!
हूम! इस फाइल के अनुसार तो सौमित राय एक निहायत ही शरीफ इंसान थे! उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी! उनका न तो किसी ने अपहरण होते हुए देखा, और न ही उनके मरने की पुष्टि हुई है!

न जाने मुझे ऐसा क्यों लग रहा है कि इस गुमशुदगी के तार सट्टा माफिया से जुड़े हुए हैं !

अगर सौमित रॉय जिन्दा हों, और मैं उनको ढूंढ सकूं तो मुझको सट्टा माफिया के बॉस तक पहुंचने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा !

और सौमित की फोटो देखने के बाद उनकी तलाश करने का एक बहुत कारगर रास्ता मेरे पास है !

ऐसा तो हो ही नहीं सकता था-

ध्रुव की इन कोशिशों की खबर सट्टेराजा तक न पहुंचे-

सट्टेराजा! एक हिलाकर रख देने वाली न्यूज है!

ध्रुव, सौमित राय की तलाश कर रहा है!

अच्छा ! पर सौमित वाली फाइल तो पुलिस भी दो साल पहले ही बंद कर चुकी है! जब पुलिस का लंबा चौड़ा नेटवर्क सौमित को नहीं ढूंढ पाया तो अकेला ध्रुव उसको कैसे ढूंढेगा !

ध्रुव का नेटवर्क बहुत बड़ा है सट्टेराजा ! अब से आकाश में उड़ने वाली एक-एक चिड़िया और जमीन पर घूमने वाला हर एक चौपाया सौमित राय की ही तलाश करेगा !

और अगर सौमित जिन्दा हुआ और वह ध्रुव को मिल गया तो उसको हम तक पहुंचते देर नहीं लगेगी !

ध्रुव को रोकने की कमेंटरी मैं पहले ही लिख चुका हूं ! घबराओ मत ! इंडिया पाकिस्तान पर लगे सौ करोड़ के सट्टे पर कोई आंच नहीं आएगी !

पता नहीं ये प्राब्लम एक-एक करके क्यों नहीं आतीं ? परसों से मैच शुरू होने वाला है! अभी धौंकनी का बैंड बजाना बाकी है और ऊपर से ये नई समस्या आ गई है!
पांसा, ध्रुव के पीछे जाएगा तो धौंकनी को कौन संभालेगा ? अगर वो खेला तो इंडिया मैच जीतेगी और हम सौ करोड़ हारेंगे!
पांसा को मैसेज भेजो कि उसको ध्रुव का मैच फाइव डे से वनडे का करना है!
फौरन गेम बजा डालना है उसका!
ऐसा नहीं होगा! क्योंकि धौंकनी का विकेट गिराने के लिए हमने एक खास बॉलर को बुलाया है!
किसको सट्टेराजा?
जिम्नास्ट को!
लेकिन वो तो... वो तो... हड्डियों को सिर्फ तोड़ता ही नहीं है, पूरे पिंजर को बदन से बाहर निकाल देता है!
अब जैसी धौंकनी की किस्मत!
इंडियन टीम राजनगर पहुंच चुकी थी-
और हमेशा की तरह उसके खिलाड़ियों को क्रिकेट के अलावा और भी कार्यक्रम थे-
अब मार्केटिंग की दुनिया के सबसे नए कॅंसेप्ट 'मिल्क बार' का उद्‌घाटन करेंगे भारतीय क्रिकेट टीम की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले आलराउंडर श्री धौंकनी!
आइए... धौंकनी जी!
MILK BAR

भीड़ में धौंकनी के कुछ खास फैन भी शामिल थे-
AUGRATION
GH DHOKNI
Milk b
ए श्वेता। यहां तो बड़ी भीड़ है! अब हम आगे पहुंच कर धौंकनी से मिलेंगे कैसे?
पाउडर लगा के!
अब तू मेकअप करेगी? अरे धौंकनी तक पहुंच पाए तो कुछ फायदा भी है! वह देखेगा तो इम्प्रेस होगा न!
अरे, ये पाउडर अपने लिए नहीं!
पब्लिक के लिए है!
क्योंकि ये पाउडर खुजली का पाउडर है!
फूऽऽऽ
ओए! मैं पांच दिन पहले ही तो नहाया था! फिर खुजली क्यों हो रही है?
ऊऽऽऽ! आऽऽऽह! आऊऽऽऽघ! बड़ा मजा आ रहा है!
बहनजी! जरा पीठ खुजला दो न! मेरे दो ही हाथ हैं और दोनों बिजी हैं!
दीवार से रगड़ ले, मेरे भइया!
आ जा चारू!
ले! हम इतनी मेहनत करके यहां आए तो धौंकनी अंदर बार में चला गया!
GRATION
Milk bar DO
तो हम भी चलते हैं न!
एक-एक बादामी दूध पी लेंगे!

लेकिन मिल्क बार के अंदर तो दूध नहीं खून की नदियां बहने वाली थीं -
सट्टेराजा के आदमी पहले ही वहां पर वेटरों के वेष में तैनात थे-
और उनको धौंकनी पर हमला करने के लिए सिर्फ एक बहाना चाहिए था-
अरे भई, मैंने तो बस 'ए वेटर' तुमको बुलाने के लिए कहा था! तुम्हारा अपमान करने के लिए नहीं!
तूने 'साले वेटर' कहा था! खोपड़ी तोड़ दूंगा मैं तेरी!
बस, बहुत हो गया! अपने काम पर लग जाओ वरना पहले अस्पताल जाओगे और फिर जेल!
तू एक वेटर को धमकी नहीं दे रहा है! पूरी वेटर यूनियन को धमकी दे रहा है!
परे हट!
सिक्योरिटी गार्ड्स जब तक स्थिति को भांप पाते -
तब तक वे रास्ते से हट चुके थे-
अक्!

ऐ! ऐ! रुक जाओ! तुम लोगों को अभी नौकरी से बर्खास्त किया जाता है!
और हम तुझे मालिक की गद्दी से बर्खास्त करते हैं!
और तुझे इंडियन क्रिकेट टीम से बर्खास्त किया जाता है! टूटी टांग से तो तू खेल पाएगा नहीं!
श्वेता, यहां तो मार-पीट हो रही है!
बाहर चल!
पुलिस को फोन करते हैं!
च... चल! तू तेज दौड़ती है! भाग जा! मैं पीछे-पीछे आती हूं!
धौंकनी को बचाने के बाद!
क्योंकि पुलिस को आते-आते भी दस मिनट से कम नहीं लगेगा!

धौंकनी ने अब तक तो किसी तरह अपने आपको घायल होने से बचा रखा था-
तड़ाक
लेकिन यह क्रिकेट का मैदान नहीं था जहां पर वह प्रतिद्वन्द्वियों के छक्के छुड़ाता था-
यह युद्ध का मैदान था-
और इस मैदान की स्पेशलिस्ट-
लड़ाई के मैदान में कूद चुकी थी-
हाऽऽऽऽऽ
ओ गॉड!
थैंक्स!
पर तुम हो कौन?
चंडिका!
सुन लिया न! मैं ऐसे लोगों के बीच में तुमसे ज्यादा पापुलर हूं!

अब तुम धीरे- धीरे आराम से चलकर मिल्क बार की बाऊंड्री से बाहर जाओ!
धाड़
ये लोग स्ट्रेचर पर जाएंगे!
और इससे थोड़ा सा ज्यादा वक्त चंडिका को गुंडों को धूल चटाने में लगा-
धौंकनी ने यह सलाह मानने में एक सेकंड का भी वक्त नहीं लगाया-
क्या किस्मत है यार! धौंकनी से मिली भी तो इस रूप में? मिलने का मजा ही खत्म हो गया!
पर मुझे तो बहुत मजा आया!
क्योंकि मेरा काम पूरा होने वाला है!
ये कौन बोला?
मैं बोला!
इन गुंडों का बाप...

जिम्नास्ट
जो शिकार का काम तमाम करता है वेरी फास्ट!
कड़ाआआआआक
ओ गॉड! ये तो धौंकनी का कैरियर यहीं पर खत्म कर देने पर उतारू है!
इस बार तो धौंकनी को कोई घातक चोट नहीं लगी है! लेकिन अगली बार जिम्नास्ट का वार और पावर फुल होगा!

चंडिका ने जिम्नास्ट को दूसरा वार करने का मौका नहीं दिया-
लेकिन ये चंडिका का पहला वार ही शायद उसका आखिरी वार था-
क्योंकि जिम्नास्ट उसको दूसरा वार करने का मौका देने वाला नहीं था-
आऽऽऽह! अद्‌भुत कलाबाज है ये जिम्नास्ट! और इसके वारों में गजब की शक्ति है!
लेकिन पुलिस के आने तक मुझको इसे किसी न किसी तरह से तो धौंकनी को नुकसान पहुंचाने से रोकना ही रोकना है!

इसी वक्त किसी और स्थान पर-

देखो, ये है वह इंसान जिसे तुमको ढूंढना है। चाहे वह जिन्दा हो या मुर्दा!

ओ! कमांडो हैडक्वार्टर से मैसेज आ रहा है!

बोलो करीम! क्या बात है?

पेंडारे रोड पर एक मिल्क बार की ओपनिंग 'सेरेमनी' के दौरान क्रिकेटर धौंकनी पर हमला हुआ है!

पुलिस को वहां पर पहुंचने में वक्त लगेगा क्योंकि वहां तक जाने वाली हर सड़क पर किसी न किसी कारण से जाम लगा हुआ है!

यह एक सोची- समझी साजिश लगती है करीम!

एक बात और! हमारी सूचना के अनुसार चंडिका को भी वहां पर देखा गया है!

तब तो चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं है! उसके रहते धौंकनी को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा!

और तब तक मैं भी पेंडारे रोड पहुंच जाऊंगा!

ओवर एंड आऊट!

तुम पेंडारे रोड नहीं, भैरो मार्ग पर जाओगे!

कटट

... क्योंकि उसी सड़क पर श्मशान घाट है!
औऽऽऽ! समझा! ये मुझे रोकने की कोशिश है! ताकि मैं धौंकनी तक न पहुंच पाऊं!
तुमको जहां पर जाना है वहां का पता मैं तुमको बता चुका हूं!
तुम से पहले मेरे अनगिनत दुश्मन यही बात दोहरा चुके हैं! लेकिन उनका क्या अंजाम हुआ यह तुमको पांच मिनट में पता चल जाएगा!
उनमें से कोई भी पांसा नहीं था! पांसा जब अपना पांसा फेंकता है तो दुश्मन हमेशा हारता है!

और ये है मेरा पहला दांव!
छः आएगा और तुम हारोगे!

वाह! पांसा तो तुम सचमुच अच्छा फेंकते हो! लेकिन ये छः मेरा क्या बिगाड़ लेगा?

ओ गॉड! इसमें नंबर तेज़ी से बदल रहे हैं!

पांच-

चार-

तीन-

दो-

एक-

बूम-

आऽऽऽह!

मुझे ये ख्याल तक नहीं आया कि पांसे में भी बम जैसा 'काउंट-डाऊन' हो सकता है!

ध्रुव की ये हालत-

चंडिका की हालत से मैच कर रही थी-
आऽऽऽह! इसकी कलाबाजी में इतनी फुर्ती है कि ये मुझे वार करने के लिए अपने पास तक भी पहुंचने नहीं दे रहा है!
कुछ ऐसा करना पड़ेगा कि इसकी फुर्ती में कुछ कमी आए!
और ऐसा कर पाने के लिए इसने मुझे बिल्कुल सही जगह पर भेजा है!

कहानी 35 पेज से जारी

अब मुझको बस इस 'सौफ्टी क्रीम मेकर' की मशीन के इस 'नोजल' को सीधा करके अपने निशाने पर तानना है!

Softy

और बटन को दबा देना है!

बिंगो!

Softy MAKER

सही निशाना!

देखा, जिम्नास्ट भाई! मैंने तुझको ठंडा कर दिया न!

ठंडा करने का काम जिम्नास्ट का है!
और तेरे बदन को मैं ठंडा तेरी जान निकालकर करूंगा!
आऽऽऽह! इसने चिकनी क्रीम से भी मदद ले ली!
अब ये जमीन पर फिसलकर अपनी फुर्ती मुझ पर आजमा रहा है!
लड़ाई का स्थान बदलना पड़ेगा। और अपनी चाल को भी! ये कालीन वाला सेक्शन मेरे प्लान के लिए एकदम परफेक्ट है!
अब मुझे जिम्नास्ट के पैरों पर वार करके इसको कालीन पर गिराना होगा! ताकि इसके संभल पाने से पहले...
... मैं इसकी फुर्ती के साथ-साथ इसका पार्सल बनाकर जेल के पते पर भेज दूं!

तड़ाक
आऽऽऽह! आखिरकार मैं जीत ही गई!
ज़रा दो सेकंड सांस ले लूं! फिर धौंकनी को यहां से लेकर...
...जाऊंगीऽऽऽ
क्र्र्र्र्र
ओफ़! ये तो कालीन काटकर बाहर आ गया!
इस लड़ाई का कोई अंत है भी या नहीं!
इस लड़ाई का चाहे कैसा भी अंत हो-

नतीजा तो सट्टेराजा के पक्ष में ही निकलना था-
कुछ गड़बड़ लगती है, सट्टेराजा! जिम्नास्ट ने अब तक पलटकर मैसेज नहीं भेजा है!
हमारे पुलिस फ्रीक्वेंसी पर सटे ट्रांसमीटर द्वारा यह खबर मिली है कि वहां पर चंडिका मौजूद है!
ओफ़! एक और गड़बड़! ये चंडिका वहाँ पर कैसे पहुंच गई?
पुलिस को तो हमने जगह-जगह पर ट्रैफिक जाम लगवाकर रोक दिया था!
खैर, जिम्नास्ट से चंडिका नहीं जीत पाएगी! वह काम पूरा करके ही आएगा!
पांसा की क्या खबर है?
एक मिनट पहले जो खबर हमको मिली थी उसके अनुसार पांसा ध्रुव तक पहुंच गया था!
और उसने ध्रुव को धौंकनी तक पहुंचने से रोक दिया था!
"उसके बाद की कोई खबर अब तक हमको नहीं मिली है-"
तुम्हारा धमाका मेरा कुछ खास बिगाड़ नहीं पाया, पांसा!
क्योंकि तुम्हारे जैसा दुश्मन अगर जल्दी मर जाए...
अगर बिगाड़ पाता तो मुझको बहुत अफसोस होता! सच्ची!

... तो लड़ाई का मजा ही खत्म हो जाता है!
आऽऽऽह! अब पांसों की बौछार मेरी तरफ लपक रही है!
इनसे बच पाना तो असंभव है!
पर ये पांसे करते क्या हैं?
शरीर से चिपक-कर झटके देते हैं। पांसे के ऊपर छः नंबर हुआ तो छः सौ वोल्ट का झटका लगेगा! चार हुआ तो चार सौ वोल्ट का।
और तुम्हारे बदन पर कम से कम एक... दो... सात... नौ... पन्द्रह पांसे चिपके हुए हैं! अगर हर पांसा एक नंबर के हिसाब से सौ वोल्ट का करंट भी मारे...
... तो तुमको कुल मिलाकर पन्द्रह सौ वोल्ट का झटका लगेगा! और तब तक लगता रहेगा...
... जब तक तुम जलकर खाक नहीं हो जाते!

आऽऽऽह! मैं समझ गया इसके पांसो की शक्ति! इसके हर पांसे एक खास नंबर ऊपर आने पर ही काम करते हैं!
लेकिन पांसा, पांसे फेंकने में माहिर है, इसीलिए वह जो चाहता है वही नंबर आते हैं! अगर गलत नंबर ऊपर आया तो पांसे काम नहीं करेंगे! ये काम मैं कैसे करूंगा, ये बाद में सोचूंगा! फिलहाल तो मुझको अपने आपको खाक होने से बचाना है!
और ये काम फायर हाइड्रेंट करेगा!
इससे निकलती पानी की मोटी धार करेंट को चारों तरफ फैलाकर उसका घातक असर कम भी कर देगी!
और शॉकर पांसों के मैकेनिज्म को खराब भी कर देगी!

तुम्हारे दो दांव बेकार चले गए पांसा! अब मेरी बारी है!
मैच
तड़ाक
आऽऽऽह!
तुम्हारे वार का जवाब मैं भी वार से दे सकता हूं!
लेकिन मुझको अभी उसकी जरूरत नहीं है!
क्योंकि तुम्हारे लिए तो मेरे पांसे ही बहुत हैं!
क्या करते हैं ये पांसे ?
और इसने मेरे पैरों को अपने घेरे में लेकर कैदी बना लिया है!
अब मैं फुर्ती दिखाना तो दूर, हिलना-डुलना भी मुश्किल से कर पा रहा हूं!
ओह! इसने मेरे पैरों पर दो पांसे चिपका दिए हैं!
ओह! ये पांसे तो किसी खास फोम के बने लगते हैं, जो शायद हवा के संपर्क में आकर फूलता है!

अब ये पांसे तुम्हारे बदन पर चढ़कर तुम्हारे बदन को एक विशाल पांसे में बदल देंगे! और इनसे बचने के लिए तुम कोई रास्ता भी नहीं सोच पाओगे!
क्योंकि जब तक पांसे तुमको दफन करेंगे तब तक ये गैस तुमको बेहोशी के गर्त में भी धकेलती रहेगी! तुम्हारा दिमाग कुछ सोचने के काबिल रहेगा ही नहीं!
ध्रुव की तरह ही-

चंडिका भी अपना ज्यादातर समय बचाव में ही गुजार रही थी-
आऽऽऽ ह! इसकी फुर्ती और कलाबाजी के सामने मेरे सारे वार बेकार हैं!
अब मैं तेरी खाल के अंदर से तेरे कंकाल को बाहर निकालूंगा!
आऽऽऽह! ये मेरी जींस! अगर मैं इस तक पहुंच सकूं तो...
...पहुंच गई!
अब मेरा भी काम हो गया!
और जिम्नास्ट का भी!
अरे! ये क्या हो रहा है! एकाएक मेरे पूरे शरीर को हजारों चीटियां काट रही हैं!

मुझे भयंकर खुजली हो रही है!
खुजा खरररा
और अब पुलिस भी आ चुकी है! धौंकनी अब सुरक्षित है!
हीं
हीं
हीं
हीं
अब इसके दोनों हाथ बिजी हो गए हैं!
मेरा खुजली पाउडर दुबारा काम आ गया!
और चंडिका का काम यहां पर खत्म हो चुका है!
किचन
लेकिन ये जिम्नास्ट यहां पर किसके इशारे पर आया था? खैर, ये मैं बाद में पापा से मालूम कर लूंगी!
चंडिका ने तो धौंकनी को बचा लिया था-

लेकिन ध्रुव के लिए अपने आपको बचाने की चुनौती अभी भी बरकरार थी-
वह खुद एक विशाल पांसे में बदलता जा रहा था-
या फिर... ओ समझा! अगर मेरा ख्याल सही है तो मैं बच सकता हूं! लेकिन उसके लिए मुझे अपने एक खास दोस्त की मदद चाहिए!
क्योंकि इस वक्त सिर्फ वही मेरी मदद कर सकता है!
आऽऽऽह! ये जहरीली गैस मुझको बेहोशी के गर्त में दकेलती जा रही है! मुझे सोचने का मौका नहीं मिल रहा है!
ये फोम बढ़ती कैसे जा रही है! क्या ऐसा इसके हवा के संपर्क में आने से हो रहा है!
और उसको बुलाने के लिए मुझको अपने ट्रांसमीटर पर उसको कुछ खास कमांड्स देने होंगे!
ध्रुव का कमांड मिलते ही-
उसका दोस्त एकाएक सोते से जाग उठा-
उसका 'रिमोट-कंट्रोलर' एक्टिवेट हो गया था-
REFRI
VA
और वह ट्रैफिक की बाढ़ को काटते हुए ध्रुव की तरफ बढ़ चला-

समय कम था–

और उस समय में 'दोस्त' को एक लंबी दूरी तय करनी थी–

ऊँ ऊँ ऊँ ऊँ ऊँ

तुम्हारा समय पूरा हो गया, ध्रुव! और पांसा ये दांव...

...जीत...अरे! ये आवाज कैसी है?

व्रूंऽऽऽऽधाऽऽड़

ये तो तुम्हारी मोटर साइकल है! अब मैं समझा!

तुम चीटिंग कर रहे हो! बाहर से मदद लेना सख्त मना है! लेकिन इसकी मदद लेकर भी तुम जीत नहीं सकते!

कभी नहीं! मेरा पांसा तुमको दफन करके ही रहेगा!

तुम सोचते हो कि तुम अपनी मोटरसाइकल से टक्कर मार-मार-कर अपने शरीर को ढकने वाले पांसे को तोड़ लोगे! पर ऐसा नहीं होगा!
मेरा पांसा टूट नहीं... ओऽऽऽह!
टक्करें मार-मार-कर तुम्हारी मोटर साइकल शायद खराब हो गई है! तभी ये इतना धुआं छोड़ रही है!
घुर्रर्रर्रर्रर्रर्रर्र
तुम पर तो प्रदूषण नियंत्रण वालों का चालान कर देना चाहिए!
अरे! ध्रुव कहां गया?
तुम्हारी मोटरसाइकल ने तो इतना धुआं छोड़ा है कि तुम तक नजर नहीं आ रहे हो!
और... और उसके शरीर को दफन करने वाले पांसे भी गायब हैं! वे कहां गए?
अब शायद तुम दम घुटने से पहले ही खांस-खांसकर मर जाओगे!
पर तुम्हारे खांसने की आवाज क्यों नहीं आ रही है?

मैं यहां हूं। और तुम्हारे पांसे मेरे पास हैं!
और मैं इसको तुम्हें वापस करना चाहता हूं!
आऽऽऽह!
तुम मेरे पांसों से आजाद हो ही नहीं सकते थे!
तुम बचे कैसे ध्रुव ? तुमको कैसे पता चला...
...कि ये पांसे ऐसे पदार्थ के बने हुए हैं जो पानी के संपर्क में आकर फूलता जाता है?
पहले नहीं पता था!

लेकिन जब जरा सा दिमाग चलाया तो समझ में आ गया कि ये पांसे फोम के ही बने थे। और चूंकि ये पांसे मेरे शरीर से चिपकने के बाद फूलने लगे थे इससे यह भी स्पष्ट हो गया था कि ये फोम किसी चीज के संपर्क में आने के बाद ही फूलती है।
वह चीज हवा या पानी ही हो सकती थी! हवा को तो मैं रोक नहीं सकता था, लेकिन फोम में से पानी हटाने की कोशिश तो कर ही सकता था!
और मोटरसाइकल को बुलाकर मैंने वही कोशिश की थी! मोटर साइकल के एग्जास्ट से निकलते गर्म धुएं ने फोम से पानी को उड़ाना शुरू कर दिया।
और फोम सिकुड़ने लगा! मौका मिलते ही मैं तुम्हारे पांसो से बाहर आ गया, और उनको उठाकर उनका संपर्क पानी से काट-कर उसको पूरी तरह से सुखाकर छोटा कर लिया!
अब इससे पहले कि ये पांसे तुम्हारा मुंह भी ढक लें, मुझको अपने बॉस का पता बता दो! फिर शायद मैं तुमको बचा लूं!
बताता हूं! बताता हूं!

और फिर-

सट्टेराजा! पांसा पकड़ा गया! और उसने ध्रुव के सामने अपना मुंह भी खोल दिया है!

रेडियो की कमेंट्री की तरह क्यों डिटेल बता रहा है? यहां तो टी. वी. की तरह पूरा मैच साफ नजर आ रहा है!

अब हम नहीं बच सकते! पुलिस ने हमें चारों तरफ से घेर लिया है!

POLIC

"वह अड्डा साबुत नहीं रहेगा-"
"लेकिन ध्रुव की इस हरकत का जवाब तो मुझे देना ही पड़ेगा-"
"और वह जवाब कल ध्रुव के हाथों में होगा-"
भइया, तुम्हारे नाम कोरियर से एक लेटर आया है!
कहां से?
पता नहीं!
इस पर भेजने वाले का नाम पता नहीं है!
ओ गॉड!
क्या हुआ, भइया?
श्वेता, वनडे मैच कब है!
कल! डे-नाइट मैच है!
इसलिए!
तब तो मुझे इंडियन क्रिकेट टीम के मैनेजमेंट से तुरंत बात करनी पड़ेगी!
पर क्यों?

और फिर-
मैंने आपके बारे में काफी सुना है मिस्टर ध्रुव! इसीलिए मैं आपके कहने पर रुक गया और कल वाले वनडे की टीम की घोषणा नहीं की।
आपसे मिलने के लिए राजी भी हो गया।
अध्यक्ष BCCI
लेकिन अब मुझको क्या करना है, ये भी तो बताइए।
देखिए सर! सट्टेराजा एक बुद्धिमान अपराधी है। हालांकि क्रिकेट टीम के ठहरने वाले स्थान से लेकर स्टेडियम के चप्पे-चप्पे तक पुलिस के जवान कदम-कदम पर मौजूद हैं, लेकिन फिर भी मैं कोई चांस नहीं लेना चाहता।
उसने ये कहा है कि वह धौंकनी को ऐसी जगह पर मारेगा जहां पर मैं भी नहीं पहुंच सकता। और मेरे ख्याल से वह स्थान खेल का मैदान है। बाउंड्री के अंदर का हिस्सा।
यानी... यानी आप चाहते हैं कि...
धौंकनी
ये जहां मरेगा जहां इसे बचाने तुम भी नहीं जा सकते।
सट्टेराजा
यस, सर! आप सही समझ रहे हैं! मैं वही चाहता हूं!
ऐसा तो पहले कभी भी नहीं हुआ! प्रेस वाले मेरी खाल खींच लेंगे!
अगर धौंकनी को कुछ हो गया तो आपकी स्थिति और भी खराब हो जाएगी, सर!

वो तो है! ओफ्फ! इधर कुंआ है तो उधर खाई! पर मैं अपनी जान बचाने के लिए धौंकनी की जान खतरे में नहीं डाल सकता!

मुझे आपका प्रस्ताव मंजूर है!

थैंक्यू सर! मैं वादा करता हूं कि आपको अपने इस निर्णय पर पछताना नहीं पड़ेगा!

अब सबकुछ तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार ही आगे बढ़ रहा था-

राजनगर में होने वाले कल के वन-डे मैच के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है! कैप्टेन राहुल द्रविड के अलावा अन्य तेरह खिलाड़ी इस प्रकार हैं!

BREAKING NEWS

नाम सुनने के बाद-

कहीं पर तो आश्चर्य और अविश्वास था-

व्हाट!

ये मजाक तो नहीं कर रहे हैं!

लुटिया डुबो देंगे ये टीम की!

और कहीं पर खुशी की लहर दौड़ रही थी-

अरे! अरे! ये तो कमाल हो गया!

ये तो बहुत पहले होना चाहिए था!

अब हम मैच देखने जरूर जाएंगे!

लेकिन टिकट तो कभी के खत्म हो चुके थे-

GATE 1

स्टेडियम ठसाठस भर चुका था-

क्योंकि आज मैच खेलने वाली भारतीय टीम में एक सदस्य राजनगर का भी था-
राहुल द्रविड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है! और इसीलिए राजनगर के इस सिंधु स्टेडियम में पहली बार फील्डिंग करेंगे राजनगर की शान... सुपर कमांडो ध्रुव!
तुमको क्रिकेट का अनुभव नहीं है ध्रुव! बुरा मत मानना लेकिन आज का मैच हम यही सोचकर खेल रहे हैं कि हमारी टीम में सिर्फ दस खिलाड़ी ही हैं!
बुरा क्यों मानूंगा, कैप्टेन! ये तो सच है!
वैसे भी मेरा पूरा ध्यान मैदान में मौजूद ऐसे किसी भी खतरे पर होगा, जो धौंकनी को नुकसान पहुंचा सके!
मुझे तो अभी भी यह समझ में नहीं आया कि खतरा था तो धौंकनी को खिलाते ही नहीं!
धमकी देने वाला ठीक यही चाहता है!
ये समस्या का हल नहीं है! समस्या का हल तो उसको रंगे हाथों पकड़ना है!
और उनको भी जो उसके इशारों पर नाचते हैं!

पाकिस्तानी पारी की शुरुआत हो गई-
पठान की लूजनर को बट ने बड़ी खूबसूरती से गली और प्वाइंट के बीच से निकाल दिया है, और ये एक्स्ट्रा कवर बाउंड्री पर चार रन!... बट फॉर्म में नजर आ रहे हैं और निश्चित रूप से इस चौके का मनोवैज्ञानिक प्रभाव भारत पर जरूर पड़ेगा!
कैच!
PATHAN
SINGH

आज का मैच मुश्किल लग रहा है! मैनेजमेंट के ध्रुव को टीम में लेने की वजह से हमारा एक बॉलर कम हो गया है! अगर हमारे दो बॉलर भी पिट गए तो हमको तीन सौ से ऊपर का टारगेट, चेज करना पड़ेगा!

काश, ध्रुव की जगह हम जहीर को ले पाते! ध्रुव तो फील्डिंग भी ठीक से नहीं कर पाएगा!

वैसे भी, अभी तो पावर प्ले के चार ओवरों की फील्डिंग लिमिटेशन है! आज तो मर गए कैप्टेन!

SAHAR

और ये एक और खूबसूरत चौका! पाकिस्तान ने सिर्फ छः ओवरों में पचास रनों का आंकड़ा पार कर लिया है! आप क्या कहते हैं, सिद्धू ?

कट

वेरी ओमिनस साइंस! ये शुभ लक्षण नहीं हैं मेरे भाई!

बाउंड्री लाइन पर खड़ा ध्रुव, चारों तरफ अपनी नजरें दौड़ा रहा था-

SAHARA INDIA

BU
AFRIDI 28
OVERS 6.3
PATHAN
3.3 0 21
TOT

पुलिस के मुखबिरों की सूचना के अनुसार सट्टेराजा का फायदा तभी है जब भारत ये मैच हार जाए! यानी पाकिस्तान जीत जाए! और फिलहाल पाकिस्तान का पलड़ा भारी लग रहा है! सट्टेराजा ऐसी स्थिति में धौंकनी पर हमला करके खतरा मोल लेना नहीं चाहेगा! यानी मैं भी अभी आराम से भारतीय टीम को अपना योगदान दे सकता हूं!

KIA hand sa

चौदह ओवरों का खेल समाप्त हो चुका है। और पाकिस्तानी सलामी जोड़ी ने शतकीय साझेदारी पूरी कर ली है। रन रेट सात रन प्रति ओवर के आंकड़े को छू रही है!

मैच भारत के हाथों से फिसलता हुआ। लेकिन क्रिकेट में कभी भी कुछ भी हो सकता है। अगर भारत इस साझेदारी को तोड़ सके तो नए आए खिलाड़ी पर दबाव बनाया जा सकता है!

कुंबले ने नए ओवर की शुरुआत की है!

उनकी ये पहली बॉल!

और बट ने इस बॉल को आगे बढ़कर मारा है! गेंद हवा में है! लेकिन इसको कैच में बदल सकने वाले खिलाड़ी गेंद से काफी दूर। गेंद बाउंड्री के बाहर जाकर गिरेगी! ये निश्चित तौर पर एक छक्का है!

लेकिन... लेकिन! ओह! अद्भुत नजारा!

ध्रुव अविश्वसनीय रफ्तार से गेंद की तरफ बढ़ रहा है! अब दौड़ बॉल और ध्रुव के बीच में है! ध्रुव बॉल तक पहुंच तो जाएगा, लेकिन बॉल को पकड़ नहीं पाएगा!

क्योंकि बॉल अभी भी काफी ऊंचाई पर है!

ध्रुव का ये प्रयास बेकार...

लेकिन... ध्रुव ने छलांग लगाकर बॉल को हवा में ही लपक लिया है। वह भी जमीन से दस फुट की ऊंचाई पर! इट्स एमेजिंग! शायद ये क्रिकेटिंग हिस्ट्री का सबसे नायाब कैच है!
और इसके साथ ही बट सत्तर के स्कोर पर पैवेलियन लौट रहे हैं!
पूरा स्टेडियम दर्शकों के शोर से गूंज रहा है!
SAHARA INDIA
Bharat Petroleum

ओए यार! हम तो तुझे कच्चा समझे थे, पर तूने तो हमें बच्चा बना दिया! क्या कैच पकड़ा है यार!

यैस्ऽऽ होऽऽ ध्रुव ध्रुव

दैट वॉज एक्सट्रा ऑरडिनेरी ध्रुव! एमेजिंग!

ध्रुव ध्रुव ध्रुव ध्रुव

TENDULKAR

थैंक्स! मुझे खुशी है कि मैं आप खिलाड़ियों की मदद कर सका!

मदद! अरे तुमने तो जान फूंक दी है इसमें! अब हम एक फूंक से पाकिस्तान को उड़ा देंगे!

खेल का रुख पलट गया है! अब पाकिस्तानी टीम प्रेशर में है! तीस ओवरों का खेल पूरा हो चुका है। और रन रेट गिरकर पांच से भी नीचे आ चुकी है! अगले बल्लेबाज हैं...
रन न बनने के कारण ओवर तेज़ी से पूरे हो रहे थे-
और पाकिस्तानी टीम पचास ओवर पूरे हो जाने से पहले ही-
SAHARA INDIA
YOUHANA 24
देर हो गई थी-
ध्रुव के सटीक थ्रो ने स्टंप बिखेर दिए हैं!
शोएब रन आउट हो गए हैं, और पूरी पाकिस्तानी टीम दो सौ तीन के स्कोर पर सिमट गई है!
एक समय में ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान तीन सौ के जादुई आंकड़े को पार कर लेगा! लेकिन...
DHRUV 10

और फिर- भारतीय ड्रेसिंग रूम में -
स्कोर कम जरूर है लेकिन पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी कोई भी करिश्मा दिखा सकती है! हमको रिलैक्स नहीं होना है!
ओपनिंग में धौंकनी के साथ मैं खुद जाऊंगा!
मैं धौंकनी के साथ पिच पर रहना चाहता हूं! क्योंकि जैसे-जैसे धौंकनी रन बनाता जाएगा, भारत जीत के करीब आता जाएगा और धौंकनी के ऊपर खतरा बढ़ता जाएगा!
एक्सक्यूज मी, कैप्टेन! खतरा अब यहां से शुरू होता है!
भारत मैच जीतने की पोजीशन में है! अगर सट्टेराजा ने धौंकनी पर हमला करने की सोची है तो उसके लिए यही वक्त एकदम उचित है!
फिर तुम क्या चाहते हो?
ओ.के.! अगर मैं आऊट हो गया तो तुम हमारे वन डाउन बैटमैन होंगे!
पर अगर धौंकनी आऊट हो गया तो?
तो फिर इस पर कोई खतरा नहीं आएगा! क्योंकि सट्टेराजा यही चाहता है! उसके बाद मैं खुलकर सट्टेराजा की तलाश कर सकूंगा!
मुझे पूरा यकीन है, कि वह इस वक्त स्टेडियम में ही कहीं पर है!
मैं आऊट नहीं होऊंगा!
मुझे सट्टे-राजा को जवाब भी तो देना है!
और अब भारत की सलामी जोड़ी फ्लड लाइट्स के नीचे पाकिस्तान के दो सौ तीन के स्कोर का पीछा करेगी!

भारतीय पारी की शुरुआत भी पाकिस्तानी पारी की तरह ही धमाकेदार थी-
शोरब की ये गेंद ऑफ स्टम्प से जरा सी बाहर लेकिन धौंकनी ने इस बॉल को लेग साइड में घुमा दिया है...
SAHARA INDIA
TAR
और ये गेंद स्क्वायर लेग बाउंड्री के बाहर जाकर गिरी है!
धौंकनी का शानदार छक्का! और इसके साथ ही भारत का स्कोर तेइस रन! अभी ये चौथे ओवर की शुरुआत ही है, लेकिन भारतीय खिलाड़ी खास कर के धौंकनी शोरब की रफ्तार से बिल्कुल चिन्तित नजर नहीं आ रहे हैं!

भारतीय पारी तेजी से आगे बढ़ रही थी-

धौंकनी जितनी तेजी से रन बना रहा है, खतरा भी उतनी ही तेजी से उसकी तरफ बढ़ रहा है! जैसे ही सट्टेराजा को महसूस होगा कि भारत ये खेल जीत सकता है, वह अपना सारा गुस्सा धौंकनी पर उतारेगा!

और उतनी ही तेजी से ध्रुव की चिन्ताएं भी बढ़ती जा रही थीं-

PA

और सबसे बड़ी मुश्किल ये है कि ये डे- नाइट मैच है! रात के अंधेरे में कुछ साफ नजर नहीं आ रहा है!

सट्टेराजा कहीं पर भी छुपा हो सकता है! वैसे तो पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात हैं! लेकिन फिर भी जब तक सट्टेराजा पकड़ा नहीं जाता खतरा बना रहेगा!

अब जब तक राहुल आऊट नहीं होता तब तक मैं मैदान में जा नहीं सकता! अब तो धौंकनी ही आऊट होकर पैवेलियन लौट आए तो ज्यादा अच्छा है! कम से कम उस पर मंडराता खतरा तो टलेगा!

लेकिन धौंकनी ने तो आज आउट न होने की कसम खा रखी थी-

अब तो बैट्समैन सिर्फ अपनी गलती से ही आउट हो सकते थे! जैसे कि...

DHRUVA 13

KUMBLE

रन आऊट -
थर्ड अंपायर को इशारा कर दिया गया था -
JAVED 14
और लाल बत्ती ने चमकने में ज्यादा समय नहीं लिया -
OUT
bajaj
ध्रुव के मैदान में उतरने की बारी आ गई थी -
DHRUVA 13
तुम घबराना मत, ध्रुव! अभी हमारे पास ऐसे बहुत बेट्स मैन हैं जो रन बना सकते हैं!
सिर्फ बॉल को देखना! और डिफेंसिव खेलना! रन बनाने का काम धौंकनी पर छोड़ देना!
ये तो कमाल हो गया है! शायद ये कोच चैपेल की रणनीति का एक नया पहलू है!
सचिन के बजाय मैदान पर ध्रुव को भेजा गया है! ध्रुव को बल्लेबाजी का अनुभव बिल्कुल भी नहीं है!
और उनके सामने शोएब अख्तर की आग उगलती गेंदें हैं!
लगता है आगे का मैच काफी दिलचस्प होगा!

बच्चे, ये क्रिकेट का मैदान है और यहां के हीरो हम हैं! तुम्हारा बीमा है न ?
मेरा है शोएब भाई! तुम गेंद का बीमा करा लो!
कांफीडेंस तो है तुममें! तुम पर बाउंसर फेंकने में मजा आएगा!
ध्रुव अभी नॉन स्ट्राककर एंड पर हैं। धौंकनी स्ट्राइक ले रहे हैं!
अगली बॉल को धौंकनी ने लॉंग ऑफ की तरफ खेल-कर एक रन ले लिया है। धौंकनी पहुंचे हैं उनचास पर और भारत का स्कोर एक विकेट पर एक सौ चौबीस रन! भारत की मजबूत शुरुआत!
और अब अपनी जिन्दगी की पहली अंतर्राष्ट्रीय बॉल का सामना करने के लिए स्ट्राइक लेंगे ध्रुव!
AKHTAR
DHRUV
शोएब की शॉर्ट पिच बॉल और ये बॉल ऑफ स्टंप से बाहर निकलती हुई! ध्रुव भाग्यशाली हैं कि उनके बैट का कोना बॉल से नहीं छुआ! आप चैपेल के इस कदम के बारे में क्या कहते हैं सिद्धू ?
AKHTAR
DHOKNI 05
ध्रुव को भेजना एक गलत निर्णय है। अनुभवहीनता के कारण वे इस लेवल की क्रिकेट में ज्यादा देर तक नहीं टिक पाएंगे!
जल्दी ही आप उनको पेवेलियन वापस लौटता हुआ देखेंगे।

शोएब की अगली बॉल एक शॉर्ट पिच बॉल और ये बॉल ध्रुव के शरीर से टकराई है! उनको चोट जरूर लगी है!

वे जरूर पैवेलियन वापस लौटना चाहेंगे! उनके लिए शोएब का सामना कर पाना असंभव है!

ओ, शटअप! भइया ऐसी कई चोटें खाकर भूल चुका है!

आर यू ओ. के. ध्रुव?

आइ एम फाइन! मुझे कुछ नहीं हुआ है!

तुम बस ये ओवर खेल जाओ! फिर मैं तुमको पाकिस्तानी बॉलरों से बचाकर रखूंगा!

थैंक्स! पर इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी!

मैंने क्रिकेट सिर्फ शौकिया तौर पर थोड़ा बहुत खेला है! लेकिन मुझे एक बात पता है! क्रिकेट में बॉल को बैट से मारना होता है! ठीक वैसे ही जैसे कि मैं विलेन्स के वारों को भांपकर उनको मारता हूं!

शोएब की अगली गेंद और ध्रुव ने इसको कवर रीजन में खेल दिया है!

अब ध्रुव सुरक्षित है! क्योंकि वो एक रन लेकर नॉन स्ट्राइकर एंड पर पहुंच जाएगा!

धौंकनी ने वाकई ध्रुव पर आंच नहीं आने दी! क्योंकि उसने ध्रुव को स्ट्राइक लेने का मौका ही नहीं दिया था-
धौंकनी का यह शानदार शतक! अब भारत जीत से सिर्फ छः रनों की दूरी पर है!
ध्रुव का ध्यान कहीं और था-
अब ओवर की आखिरी बॉल...
हमला होगा तो बस अभी होगा! पर कहां से? सट्टे राजा पुलिस की नजर बचाकर कहां छुपा हुआ है? इन हजारों दर्शकों के बीच में वह कहां है?
वन रन!
ध्रुव! वन रन!
ओफ्! अब हम रन नहीं ले सकते! ओवर खत्म हो गया है! और अब ध्रुव को अगले ओवर का सामना करना ही पड़ेगा!
तुमने ये क्या किया ध्रुव? रन क्यों नहीं लिया?
अब तुमको अगला ओवर खेलना पड़ेगा! और वह ओवर शोएब फेंकेगा।
आई एम सॉरी, धौंकनी!
मेरा ध्यान भटक गया था!

अब प्लान सुनो! तुम किसी भी तरह से एक रन लेकर स्ट्राइक मुझको दे देना!

हालांकि अभी काफी ओवर बचे हुए हैं, लेकिन अब कभी भी बारिश हो सकती है! शायद इसी ओवर के बीच में पानी बरसने लगे! और अगर ऐसा हुआ तो मैच पूरा नहीं हो पाएगा!

हमारे पास ज्यादा वक्त नहीं है!

मेरे पास भी ज्यादा वक्त नहीं है!

ध्रुव का ध्यान कहीं और है! शायद वह शोएब के बाउंसर से बचने का रास्ता सोच रहा है! शोएब की रफ्तार आश्चर्यजनक है! शायद वह इस बार क्रिकेट इतिहास की सबसे तेज बॉल फेंकने जा रहा है!
SAHARA
INDIA
...गेंद शोएब के हाथ से छूटी! गेंद मुझे तो नजर नही आ रही है!...
AKHTA
DHONI
ये गेंद ध्रुव को भी नजर नहीं आएगी, और उसके स्टम्प... ओ गॉड! ध्रुव... ध्रुव...
ओ बादशाओ, ओ वाहे गुरू, ऐ की चमत्कार है! ध्रुव ने आगे बढ़कर बॉल को उठा दिया है! बॉल सीधे स्कोर बोर्ड की तरफ जा रही है! और ये...

छः रन! भारत ने ये मैच नौ विकेट से जीत लिया है! और इस मैच के हीरो बने हैं...
धाँय
...सुपर कमांडो ध्रुव!
धाँय
हमारा तुम्हारा मैच भी खत्म हो गया है, सट्टे राजा! कैसा 'लगा' मेरा शॉट?
तूने धौंकनी को तो मरने से बचा लिया है, ध्रुव! पर खुद मरने से कैसे बचेगा?

ऐसे!
आssssss
हियाssss
ओफ़!
वह स्कोर बोर्ड से स्टेडियम की तरफ भाग रहा है!
लेकिन सट्टेराजा पर अभी भी करेंट का असर है! वह लड़खड़ा रहा है! वह ज्यादा दूर तक भाग नहीं पाएगा!

अरे! कहां गया, सट्टेराजा ?
STAFF ONL
UNAUTHOURISED EN
ईsssss
उधर एक लड़की चिल्ला रही है!
GATE 2
सट्टेराजा!
गिरफ्तार कर लो इसे!
पहले इसका चेहरा तो देख लूं!
सट्टेराजा के रहस्य ने मुझको बहुत परेशान किया है!
अरे! ये तो सौमित्र रॉय है! वही पिच मेकर जो दो साल पहले गायब हो गया था!

अब सारा मामला शीशे की तरह साफ हो गया है। सौमित रॉय की क्रिकेट खिलाड़ियों तक पहुंच थी! और इसी का फायदा उठाकर सौमित रॉय ने ये धंधा शुरू कर दिया! और ये धंधा उसने अपने गायब होने का नाटक करने के बाद चालू किया ताकि वह पुलिस की आंखों में धूल झोंक सके, और अंडरग्राउंड रहकर अपना धंधा आराम से चलाता रहे!
हुम! शायद आप सही कह रहे हैं!
शायद! शायद क्या? ये केस अब खत्म हो गया है ध्रुव!
ध्रुव! अरे तुम कहां गायब हो गए थे?

तुमने तो कमाल कर दिया, यार!

शोएब की सौ मील की स्पीड वाली बॉल पर छक्का तो शायद मैं भी न लगा पाता!

तुमको क्रिकेट की रेगुलर प्रैक्टिस करनी चाहिए!

जिसका काम उसी को साजे!

क्रिकेट में भारत की नाक बचाने का काम आप लोग ही करें तो ज्यादा अच्छा है!

फिलहाल मुझे इजाजत दीजिए! मुझे किसी को एक खास खबर देनी है!

और फिर-

ध्रुव! आओ! आओ!

मिसेज़ रॉय! मैं आपको एक खास खबर देने के लिए आया हूं! आपके पति मिल गए हैं!

मिल गए हैं! जय हो भगवान जय हो! कहां हैं वे?

तुम उनको साथ लेकर क्यों नहीं आए?

क्योंकि वे पुलिस कस्टडी में हैं! पुलिस ने उनको राजनगर स्टेडियम से गिरफ्तार किया है! सट्टेराजा के रूप में!

सट्टेराजा! वह बदनाम मैच फिक्सर! मेरे पति सट्टेराजा नहीं हो सकते!

पुलिस को जरूर कोई गलत फहमी हुई है!

यही बात मैं पुलिस वालों को समझाना चाह रहा था!

पर बगैर सुबूत के वे मेरी बात सुनने को तैयार ही नहीं थे! इसीलिए मैं यहां आया हूं! कुछ ऐसे सुबूत लेने के लिए...

जो ये साबित कर सकें कि आपके पति सट्टटे-राजा नहीं हैं...
...आप हैं!
व्हाट!
ये जूते! इन पर तब टॉमेटो सॉस गिर गया था, जब आप एक वेटर से टकराई थीं!
लेकिन जब सौमित बेहोशी की हालत में पकड़ा गया तब उसके जूते एकदम साफ थे!
इससे ये साफ था कि उसको किसी ने पहले से ही सट्टटेराजा की ड्रेस पहनाकर वहां बिठा दिया था!
ताकि वह रंगे हाथों पकड़ा जाए और असली मुजरिम बच निकले!
अब सवाल असली मुजरिम तक पहुंचने का था! और वह अपने दस्ताने के रूप में अपनी गंध स्कोर बोर्ड के कंट्रोल रूम में छोड़ गया था!
मेरा दोस्त उसी महक का पीछा करता हुआ मुझको यहां तक ले आया!
और यहां पर आकर मुझको वह सुबूत भी मिल गए जो यह बताते हैं कि सट्टटेराजा आप ही हैं मिसेज रॉय! पर आपने अपने पति के साथ ऐसा क्यों किया?
क्योंकि वह मेरा पति नहीं है! ब्वायफ्रेंड है! मैंने उसको यही काम करवाने के लिए फंसाया था! लेकिन जब उसने ये काम करने से मना कर दिया तो मैंने उसे गायब करा दिया! ताकि मैं उसे सही समय पर कानून के हाथों सौंप सकूं!

और, अपनी सारी जिन्दगी उस पैसे का मजा लेती रहूं जो मैंने क्रिकेट पर सट्टा खिलाकर कमाए हैं!
फिर ये बच्चा किसका है?
सौमित का! इसको मैंने इसी लिए अपने पास रखा ताकि अगर सौमित कभी मेरे चंगुल से भागने में कामयाब हो भी जाए तो भी अपनी जुबान खोलने की हिम्मत न कर सके!
मैं सट्टेराज़ा बन गई! अपने हेलमेट में आवाज भारी करने वाला माइक्रोफोन फिट करा लिया! पुरुषों जैसा वेष रख लिया!
मैंने सबकुछ सही किया ध्रुव!
बस, मुझसे एक जगह गलती हो गई!
मैं तुमको चुनौती देने का साहस कर बैठी!
अब चलो, कहां चलना है?
पुलिस स्टेशन!
समाप्त.